## महत्वपूर्ण एवं खास

### 'मेरे एक वोट से अगर किसानों का कर्जा माफ और बिजली हाफ' होता है तो मेरा वोट कांग्रेस को, इस स्लोगन ने कांग्रेस को दिलाई जीत- धरमलाल कौशिक

रायपुर. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की ऐतिहासिक व बड़ी जीत और भाजपा की करारी हार के बाद आज प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक दिल्ली रवाना हो गए है. पार्टी के आलाकमान को भाजपा की हार की समीक्षा रिपोर्ट सौपेंगे. इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को यह लगा कि मेरे एक वोट से उनका ऋण माफ और बिजली बिल हाफ हो जाएगा. तो इसी विश्वास के साथ जनता ने कांग्रेस को वोट दिया है. इस स्लोगन ने कांग्रेस को जीत दिलाई है. बाद में कौशिक ने इसे महज एक दुर्घटना बताया है.



### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने दिया इस्तीफा

रायपुर। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने दिया इस्तीफा, बीजेपी की सरकार जाने के बाद दिया इस्तीफा।

### सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले का उपचार बिलासपुर अपोलो में जारी



मुंगेली। सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले का उपचार बिलासपुर अपोलो में जारी, जीत के बाद प्रमाण पत्र अस्पताल में सौंपा गया, मुंगेली के नायाब तहसीलदार पुलकित साहू ने अपोलो पहुंचकर मोहले को सौंपा जीत का प्रमाणपत्र।

# अमित जोगी के जन्म स्थान मामले में बिलासपुर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बेटे अमित जोगी के जन्म स्थान मामले में बिलासपुर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है. मामले में अब कभी भी आ सकता है बड़ा फैसला. गुरुवार को मामले में अंतिम सुनवाई हुई. मामले में लगातार सुनवाई चल रही थी. इसके बाद आज कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. बता दें कि बीजेपी की समीरा पैकरा ने अमित जोगी के खिलाफ हाई कोर्ट में चुनाव याचिका दायर किया था. याचिका में अमित के जन्म स्थान और जाति को चुनौती दी गई है. याचिका में बताया गया था कि चुनाव में अमित जोगी ने अलग स्थान पर जन्म होने के प्रमाण पत्र दिए हैं.

एक ही व्यक्ति तीन अलग अलग स्थानों पर कैसे पैदा हो सकता है. हाई कोर्ट जस्टिस गौतम भादुड़ी के सिंगल बैंच में मामला लगा था. अब इस मामले में कभी भी फैसला आ सकता है.

## पति से हुआ विवाद बीवी ने कर ली आत्महत्या



रायगढ़ । पति के काम काज पर नही जाने से मिया बीवी के मध्य आपसी विवाद होने के बाद नवविवाहित महिला ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। आग ली लपटों से झुसली महिला ने इलाज के दौरान तोड़ दिया। घटना जूटमिल चौकी क्षेत्र की है। बबली उर्फ पदमा सिदार पति आजाद सिदार उम्र 20 साल छत्तामुड़ा जूटमिल पुलिस चौकी निवासी है। सप्ताह भर पूर्व मिट्टी तेल खुद पर उड़ेलकर खुद को आग लगा ली थी। जिसमें सप्ताह भर से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए मंगलवार शाम लगभग 7 बजे उसकी सांसो की डोर टूट गई। बताया जा रहा है कि बबली उर्फ पदमा अपने पति के साथ बिना शादी किए घर वालो के मर्जी से रह रही थी। वही युवती के पिता ने बताया कि दोनों में बहुत ही अच्छे से रहते है और अगर कुछ कहासुनी हो गई थी तो उसे इस तरह का कदम नही उठाना था। बहरहाल मामले में कार्यपालिक अधिकारियो द्वारा युवती के परिजनों व उसके ससुराल वालों का कथन बयान दर्ज करने के बाद पीएम की कार्रवाई की गई।

## दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की हालत गंभीर, इलाज जारी



रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र में गुरूवार की सुबह एक ग्रामीण का सामना दंतैल हाथी से हो गया। दंतैल हाथी के हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन उसकी जान बच गई। यह घटना तब की है जब ग्रामीण बाजार से अपने घर लौट रहा था। घटना के बाद घायल को इलाज के लिए वन अमला ने अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कल शाम 6 बजे छाल थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदूमुड़ी में रहने वाला हेमंत सिंह पिता थानसिंह राठिया अपने साथी के साथ पुरूँगा बाजार से अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में एक दंतैल से उनका सामना हो गया, उसका साथी तो भाग निकला पर हेमंत हाथी के सामने आ गया। ऐसे में हाथी ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसके कान के पास गंभीर चोट आई है, लेकिन हेमंत अपनी जान बचाकर भागने में सफल हो गया। बाद में जब मामले की जानकारी वन अमला को लगी तो तत्काल घायल को इलाज के लिए धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में डीएफओ प्रणय मिश्रा ने बताया कि हाथी के हमले से घायल ग्रामीण का इलाज अस्पताल में जारी है। हाथियों पर नजर रखी जा रही है। गांव में ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि अकेले जंगल की ओर ना जाए।

## प्रकाश नायक ने जनता और कार्यकर्ताओं का जताया आभार



रायगढ़। रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को मिली शानदार जीत पर प्रकाश नायक ने जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। प्रकाश नायक ने कहा कि रायगढ़ विधानसभा के इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अपना भरपूर समर्थन व आशीर्वाद प्रदान कर भारी बहुमत से मुझे कांग्रेस पार्टी से जीत दिलाने के लिए मै रायगढ़ की संपूर्ण जनता और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई और आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत है, अन्नदाताओं की जीत है, युवाओं की जीत है, मातृशक्ति की जीत है।

## साइक्लोन का असर : आज तीसरे दिन भी छाए रहे बादल

रायगढ़। उत्तरी छत्तीसगढ़ में ऊपरी हवा में चक्रवात की स्थिति बनी हुई है, इसके कारण आज तीसरे दिन भी बाद बादल छाई हुई है जिसके कारण आसपास के इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा ने बताया कि एक दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, जिसके कारण क्षेत्र में ठंड बढ़ेगी।

गुरुवार को न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से नीचे जा सकती है। उत्तर छत्तीसगढ़ में चक्रवात के कारण ही रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ सहित जांजगीर जैसे जगहों पर बादल छाने के साथ हल्की बारिश भी हो रही है।

## छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का इंजन फेल, डेढ़ घंटे प्लेटफार्म में खड़ी रही ट्रेन



भिलाई। भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में बुधवार की सुबह 9.20 बजे अमृतसर से बिलासपुर जाने वाली छत्तीसगढ़ एस्सप्रेस का इंजन फेल हो गया। तमाम प्रयास के बाद भी इंजन को जब शुरू नहीं किया जा सका, तब दूसरे इंजन को बुलवाया गया और एक्सप्रेस को रवाना किया गया। इस दौरान डेढ़ घंटे तक यात्री परेशान होते रहे।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090


# नोटा दबाकर साढ़े तेरह हजार ने कहा पसंद नहीं उम्मीदवार

कोरबा। साल 2013 के चुनाव की तरह ताजा नतीजों में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं ने कोई नहीं का विकल्प खूब इस्तेमाल किया। इस बार चार विधानसभाओं से कुल 13 हजार 618 मतदाताओं ने नोटा दबाया है। नोटा का अधिकार सबसे ज्यादा इस्तेमाल करने वाले विधानसभा में पाली-तानाखार एक बार फिर अव्वल रहा। साल 2013 में जब पहली बार नोटा का विकल्प ईवीएम में शामिल किया गया था, तब भी पाली-तानाखार के मतदाताओं ने यह विकल्प जिले में सबसे ज्यादा प्रयोग किया था।

निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदाताओं के लिए ईवीएम में नोटा के विकल्प की सुविधा प्रदान की थी। मशीन में प्रत्याशियों के नाम के बाद एक अतिरिक्त बटन लगाया गया था, जिसे राइट टू रिजेक्ट अर्थात नोटा का नाम दिया गया। इस चुनाव दूसरी बार मिली नोटा बटन के ऑप्शन का इस बार भी मतदाताओं ने बड़ी संख्या में प्रयोग किया है। यानि आपको अगर अपने विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारी कर रहा कोई भी प्रत्याशी आपके वोट के योग्य नहीं लगता, तो कोई नहीं का विकल्प इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोई भी पसंद नहीं या सभी को रिजेक्ट करने के अधिकार का भरपूर इस्तेमाल भी किया। राइट टू रिजेक्ट के तहत इस बटन का उपयोग इस साल दूसरी बार किया गया। अब इसे उत्सुकता की वजह से कहें या जरूरत के अनुरूप किया गया फैसला, ताजा विधानसभा चुनाव के मतदान में कुल 13 हजार 618 मतदाताओं ने ईवीएम में नोटा दबाया है। यानि इतनी संख्या में मतदाताओं ने भाजपा, कांग्रेस, जकांछ व किसी अन्य दलीय या निर्दलीय उम्मीदवार पर भरोसा जताने की बजाय अपना मत देने से इंकार करते हुए कोई नहीं के विकल्प को चुन लिया। अब इसे जागरूकता कहेंगे या सिस्टम के प्रति रोष व्यक्त करने का एक जरिया, अब भी बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता हैं, जिनका दिल जीतने सरकारों को अभी काफी मशक्कत करनी होगी, ताकि मताधिकार का इस्तेमाल सही दिशा में हो सके।










स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931